an>

Title: Need to include production of betel leaf in Agriculture sector to get the benefit of Crop Insurance Scheme.

डॉ. वीरेन्द्र कुमार (टीकमगढ़) : अध्यक्ष महोदया, माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में सरकार परम्परागत रोजगार के अवसरों को बढ़ाने में सतत प्रयत्नशील है। पान उत्पादन की दृष्टि से भारत में सर्वाधिक पान उत्पादन होता है और दुनिया के कई देशों में पान भारत से जाता है। मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, बिहार, उड़ीसा, बंगाल और तमिलनाडु में प्रमुखता से पान का उत्पादन किया जाता है। लेकिन पान उत्पादन की खेती इतनी जटिल और महंगी है कि एक बार अगर पान की खेती में आग लग जाए, ओला या पाला पड़ जाए तो पान उत्पादक बुरी तरह से प्रभावित होता है। लेकिन पान के उत्पादन की खेती को कृषि में शामिल नहीं किया गया है, जिसके कारण इसे शासकीय योजनाओं का लाभ नहीं मिलने के कारण पान उत्पादन की खेती काफी पिछड़ रही है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से अनुरोध करना चाहता हूं कि पान उत्पादन की खेती को कृषि में शामिल करके इसे भी फसल बीमा योजना का लाभ दिलाया जाए। धन्यवाद।

_